# प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

**श्री हेमराज मीना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद** के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज **दिनांक 10-11-2023** को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

**1-प्रतिबन्धित नशे की गोलियों के साथ आरोपी गिरफ्तार, थाना डिलारीः-**



अवगत कराना है कि आज दिनांक 10-11-2023 को उ0नि0 श्री नीरजपाल सिंह थाना डिलारी द्वारा मय हमराह पुलिस बल के **समीर उर्फ सनीफ पुत्र हनीफ निवासी तुमडिया कला थाना डिलारी जनपद मुरादाबाद को** प्रतिबन्धित नशे की 150 टैबलेट के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना डिलारी पर मु0अ0सं0-304/2023 धारा-8/21 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया।

**2-दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार, थाना डिलारीः-**

अवगत कराना है कि दिनांक 08-11-2023 को वादिनी निवासी थाना डिलारी क्षेत्रान्तर्गत ने अभियुक्त द्वारा वादिनी के घर में घुस कर वादी के साथ दुष्कर्म करने, मारपीट, गाली गलौज करने व जान से मारने की धमकी देने के संबंध में थाना डिलारी पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना डिलारी पर मु0अ0स0-302/2023 धारा- 376/452/323/504/506 भा0द0वि0 पंजीकृत किया गया। विवेचना के क्रम में आज दिनांक 10-11-2023 को व0उ0नि0 श्री प्रवीण तेवतिया थाना डिलारी द्वारा मय हमराह पुलिस बल के **नौशाद अली पुत्र राहत अली निवासी ढकिया पीरू थाना डिलारी जनपद मुरादाबाद** को गिरफ्तार किया गया।



**3-दहेज के लिए प्रताड़ित कर तलाक देने का आरोपी गिरफ्तार, थाना भोजपुरः-**

अवगत कराना है कि वादिनी निवासी थाना भोजपुर क्षेत्रान्तर्गत ने अभियुक्त द्वारा वादिनी को दहेज के लिए प्रताड़ित कर मारपीट करने व पति द्वारा तीन तलाक देने के संबध में थाना भोजपुर पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना भोजपुर पर मु0अ0सं0-342/2023 धारा- 498ए/323 भा0द0वि0 व 3 /4 मु0वि0व0 अधि0 व 3 /4 डीपी एक्ट पंजीकृत किया गया । विवेचना के क्रम में आज दिनांक 10-11-2023 को उ0नि0 श्री राजकिशोर सिंह थाना भोजपुर द्वारा मय हमराह पुलिस बल के **वारिस पुत्र स्व0 सुगीर हसन निवासी ग्राम बूढनपुर थाना डिलारी जनपद मुरादाबाद** को गिरफ्तार किया गया।

